मेट्रो स्टेशन पर युवक कारतूस के साथ पकड़ा

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

सख्ती

- गाजियाबाद जाने के लिए मेट्रो में चढ़ने का प्रयास कर रहा था
- सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपी को फेज-2 थाना पुलिस को सौंपा

ग्रेटर नोएडा रूट स्थित एनएसइजेड मेट्रो स्टेशन पर जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने युवक को दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वह कारतूस के साथ गाजियाबाद जाने के लिए एक्वा लाइन की मेट्रो में चढ़ने का प्रयास कर रहा था।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि बुधवार शाम एक्वा लाइन के एनएसइजेड मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षाकर्मी यात्रियों की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एक्सबीआइएस मशीन ने एक युवक के बैग में आपत्तिजनक वस्तु होने का संकेत दिया। सुरक्षाकर्मी सचिन ने बैग की जांच की। उसमें से दो कारतूस मिले। इसके बाद फेज-2 थाना पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि कारतूस उसका नहीं है। मंगलवार को उसका बैग एक दोस्त लेकर गया था। बुधवार सुबह वह बैग लौटा दिया। बैग से बरामद कारतूस उसके दोस्त का ही होगा। मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपी को फेज-2 थाना पुलिस को सौंप दिया है।